सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-चार | विषय:हिंदी | पाठ:2 संगमरमर का स्वप्न)

कठिन शब्द

1)निर्माण

2)संगमरमर

3)गुंबद

4फ़व्वारे

5)क्यारियों

6)सौंदर्य

7)कारीगर

8)नक्काशी

9)प्रदूषण

10)प्रभावित

11)वास्तविक

12)अनूठी

13)पूर्णिमा

14)खदानों

15)शामिल

निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न1) चबूतरे के चारों कोनों पर क्या है ?

उत्तर चबूतरे के चारों कोनों पर ऊँची-ऊँची मीनारें हैं ।

प्रश्न2)ताजमहल को बने कितने साल हो गए हैं?

उत्तर ताजमहल को बने 300 से भी अधिक साल हो गए हैं।

प्रश्न3)शाहजहाँ ने किसकी याद में ताजमहल का निर्माण करवाया था ?

उत्तर शाहजहाँ ने अपनी प्रिय बेगम मुमताज महल की याद में ताजमहल का निर्माण करवाया था ।

प्रश्न4)रबींद्रनाथ टैगोर ने ताजमहल को क्या कहा है ?

उत्तर रबींद्रनाथ टैगोर ने ताजमहल को संगमरमर का एक स्वप्न कहा है ।

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न1) ताजमहल कितने मजदूरों ने और कितने सालों में बनाया ?

उत्तर ताजमहल 20,000 मज़दूरों ने मिलकर 20 सालों में बनाया था ।

प्रश्न2)ताजमहल का सौंदर्य कौन बढ़ाते हैं?

उत्तर ताजमहल के सामने एक छोटी सी नहर है जिसमे जगह जगह फ़व्वारे लगे हुए हैं । नहर के दोनों और हरे हरे वृक्षों की कतारे हैं ,लेकिन जगह-जगह क्यारियों में रंग-बिरंगे फूल इसके सौंदर्य को बढ़ाते हैं ।

प्रश्न3) पूर्णिमा की रात को ताजमहल कैसा दिखाई देता है?

उत्तर पूर्णिमा की रात को ताजमहल पृथ्वी पर वास्तविक स्वर्ग की तरह दिखाई देता है ।

प्रश्न4) ताजमहल का निर्माण किस पर हुआ और उसकी क्या विशेषता है?

उत्तर ताजमहल का निर्माण संगमरमर के ही एक विशाल चबूतरे पर किया गया है ।चबूतरे के चारों कोनों पर ऊँची ऊँची मीनारें हैं ।इन पर चढ़ने के लिए उनके भीतर ही सीढ़ियाँ बनी हुई हैं ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

1) निर्माण - बनाना
   लालकिले का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने करवाया था ।

2) सौंदर्य - सुंदरता

कश्मीर का सौंदर्य देख सभी आश्चर्यचकित रह जाते हैं ।

3)नक्काशी - खोदकर बनाए गए बेल बूटे

कारीगर ने सभी बर्तनों पर बहुत ही सुंदर नक्काशी की ।

4)कुशल - होशियार

राधा की माँ कढ़ाई, बुनाई में बहुत ही कुशल है ।

5)कारीगर - शिल्पी

मनीष बहुत ही मेहनती कारीगर है ।

रिक्त स्थान भरिए ।

क)<u>प्रदूषण</u> के कारण मेरी सुंदरता प्रभावित हो रही है ।

ख)मुझे बनाने के लिए दूर-दूर से <u>कुशल</u> कारीगर बुलाए गए थे ।

ग)मैं पृथ्वी पर वास्तविक <u>स्वर्ग</u> हूँ ।

घ)मेरे सामने एक छोटी सी <u>नहर</u> है ।

ङ)ताजमहल आज भी विश्व के साथ <u>आश्चर्योंङ</u> में शामिल है ।